NewsBroadcastersAssociation

NBA

CIN: U22211DL2007NPL165480

प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल प्रसारणार्थ

नई दिल्ली, 4 मई, 2021.- न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एन.बी.ए.) के अध्यक्ष श्री रजत शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कोविड-19 वैक्सीन देने के फैसले का स्वागत किया है।

एक बयान में श्री रजत शर्मा ने कहा कि "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडियाकर्मियों के लिए बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश दिया है कि उन्हें वैक्सीनेशन में प्राथमिकता दी जाए, उनके लिए अलग सेंटर तय किये जाएं और आवश्यकता हो तो उनके कार्य स्थलों पर जाकर, निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए, मीडियाकर्मियों और उनके 18 वर्ष से अधिक उम्र के परिजनों को निःशुल्क वैक्सीनेशन दिया जाए।"

मुख्यमंत्री का यह निर्देश एन.बी.ए. अध्यक्ष रजत शर्मा के उस पत्र के जवाब में आया है जिसमें मुख्यमंत्री से अपील की गई थी कि उत्तर प्रदेश में काम करने वाले मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन लगाए जाएं.

अपने पत्र में श्री शर्मा ने लिखा - "नोएडा पूरे राष्ट्रीय मीडिया का एक बड़ा केन्द्र है। यहां अलग-अलग टीवी चैनल्स में काम करने वाले पत्रकार बड़ी संख्या में काम करते हैं और रहते भी हैं। आप इस बात से परिचित हैं कि टीवी के पत्रकारों ने, रिपोर्टर्स और कैमरा पर्सन्स ने, कोरोना के वायरस को लेकर जागरूकता फैलाने का काम किया है। काम ऐसा है कि उनको भीड़ के बीच में भी जाना पड़ता है, कई बार कोरोना पेशेन्ट्स के पास भी जाना पड़ता है, उनके परिवार वालों से भी बात करनी पड़ती है, और कई बार तो अस्पतालों में जाकर भी हालत का जायज़ा लेना पड़ता है। इसलिए इन सभी मीडियाकर्मियों को वैक्सीनेशन की बहुत आवश्यकता है। "

पत्र में लिखा है - "मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से सभी मीडियाकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए वैक्सीन उपलब्ध करा दी जाए तो अच्छा रहेगा। मीडिया संस्थानों की तरफ से हम इसका पूरा खर्चा उठाने को तैयार हैं। हम मीडियाकर्मियों के लिए वैक्सीनेशन कैम्प लगा सकते हैं, जिनमें डॉक्टर्स और नर्स की कोरोना प्रोटोकॉल के तहत व्यवस्था की जाएगी। हर वैक्सीनेशन कैम्प के साथ आधे घंटे तक डॉक्टर की निगराने में इंतज़ार करने की जगह भी बना दी जाएगी। इसके अतिरिक्त भी कोई दिशानिर्देश हों, तो मीडिया संस्थान उसका पालन करने को भी तैयार हैं।"

अपने पत्र के अन्त में श्री शर्मा ने लिखा- "मेरा निवेदन है कि मीडियाकर्मियों की आवश्यकता को और उनके जीवन पर मंडरा रहे खतरे की आशंका को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराए।"

Annie Joseph

एनी जोसेफ

सेक्रेटरी जनरल

Corporate Office: Mantec House, 2nd Floor, C- 56/5, Sector 62, Noida 201 301
Telefax: 0120 – 4129712 **Email:** nba@nbanewdelhi.com **Website:** www.nbanewdelhi.com **Registered Office:** FF-42, Omaxe Square, Commercial Centre,